कृष्णा नगर की सघन बस्ती में पहुंचे आयुक्त लोकेश चंद्राकर , घनी बस्तियों में नाली सफाई अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सुबह कृष्णा नगर के सघन बस्तियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नाली सफाई एवं नाली निकासी की व्यवस्था देखी। आयुक्त ने कहा कि सघन एवं घनी बस्तियों में जलभराव ज्यादा होने की संभावना होती है , इसलिए नालियों की सफाई घनी बस्तियों में तेजी से होनी चाहिए , ताकि भारी बारिश में भी पानी का फ्लो बना रहे और पानी अधिक देर तक न रुके, सड़कों एवं बस्तियों में पानी न भरे। उन्होंने बस्तियों में सफाई की व्यवस्था भी देखी। सकरी बस्तियों में नाली के ऊपर कई स्थानों पर स्लैब एवं पत्थर भी रखा हुआ था जिसे हटवाकर सफाई करने के निर्देश आयुक्त ने दिए। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई की परिकल्पना के तहत सफाई व्यवस्था में और बेहतर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसी तारतम्य में जोन आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण मॉर्निंग विजिट के तहत कर रहे हैं। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर प्रतिदिन निगम के विभिन्न क्षेत्रों , वार्डो एवं मोहल्लों का निरीक्षण कर रहे हैं। इधर आयुक्त के निर्देश पर गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। प्रमुख चौक , चौराहों एवं ठेला तथा गुमटी लगाने वाले लोगों को कचरा व्यवस्थित तरीके से डस्टबिन में रखने और स्वच्छता कर्मचारी को देने की हिदायत दी जा रही है। नाली एवं अपने दुकानों के सामने कचरा डालने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स को स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है तथा दुकान के सामने एवं परिसर को स्वच्छ रखने कहा जा रहा है।